भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश के कर्मचारियों को तीन फीसदी महंगाई भत्ते की अतिरिक्त किश्त जून महीने में जारी करने की घोषणा की है। कल चंबा जिले की जनजातीय पांगी घाटी के मुख्यालय किलाड़ में आयोजित 78वें हिमाचल दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में उन्होंने कहा कि अपनी स्थापना के बाद से हिमाचल ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है और ये प्रदेश लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि कुल्लू जिले के मंगलौर में एक सप्ताह के भीतर बैली ब्रिज तैयार किया जाएगा। कल उन्होंने इस क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को ब्रिज निर्माण के उचित निर्देश भी दिए। गौरतलब है कि 12 अप्रैल को ये पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि इस पुल के स्थायी निर्माण के लिए शिमला से लोक निर्माण विभाग के टैक्नीकल विंग की एक टीम ने निरीक्षण किया है और नए पुल के निर्माण के लिए केंद्र सरकार को पत्राचार किया है। उन्होंने ये भी कहा कि पर्यटन की दृष्टि से ये पुल जिले की बंजार घाटी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

वन मित्र

हमीरपुर जिले में वनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमीरपुर वन मंडल की 70 वन बीट में एक–एक वन मित्र की सेवाएं ली जाएगी। डी एफ ओ अंकित कुमार सिंह ने बताया कि जिले में वन मित्र भर्ती की प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि ज्वाइनिंग के बाद इन चयनित वन मित्रों को 7 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा और इसके बाद इनकी सेवाएं शुरू की जाएगी।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज दिन की शुरूआत बादलों के साथ हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने अगले 48 घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर बारिश और बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने 18 से 21 अप्रैल के बीच प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी बारिश, ओलावृष्टि व तेज हवाएं चलने का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। मौसम के खराब रहने की आशंका को देखते हुए एहतियातन एडवाइजरी जारी की गई है।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

खाद्य कीमतों में उल्लेखनीय कमी के कारण पिछले महीने भारत की खुदरा मुद्रा स्फीति घटकर 3 दशमलव तीन–चार प्रतिशत पर आ गई। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने कहा कि अगस्त, 2019 के बाद साल–दर–साल आधार पर यह सबसे कम मुद्रास्फीति दर है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह दर 3 दशमलव दो–पांच प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 3 दशमलव चार–तीन प्रतिशत रही। अखिल भारतीय उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक के अनुसार, मार्च में खाद्य मुद्रा स्फीति दर अंतरिम रूप से 2 दशमलव छ–नौ प्रतिशत दर्ज की गई, जो फरवरी में दर्ज 3 दशमलव सात–पांच प्रतिशत से कम है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है **कर्मचारियों–पेंशनरों को 3 प्रतिशत डीए, पांगी में अब सिर्फ प्राकृतिक खेती। दैनिक भास्कर** का शीर्षक है **सरकारी कर्मचारियों को 1 जून से 3 प्रतिशत डीए की किश्त और पेंशनर्स को मिलेगा एरियर। दैनिक जागरण** ने लिखा है **होम स्टे पंजीकरण शुल्क में मिलेगी 50 प्रतिशत छूट।**

बाढ़ से मनाली–किलाड़ मार्ग बंद, 66 पुलिस जवानों सहित सैकड़ों राहगीर फंसे पंजाब केसरी की एक खबर है। **आपका फैसला** के शब्द हैं **इस साल जमकर होगी बारिश, मौसम विभाग ने की भविष्यवाणी।**

अनुदान काटने का केंद्र का कोई बहाना नहीं चलेगा शीर्षक से दिव्य हिमाचल ने लिखा है मुख्यमंत्री ने अफसरों को दिए निर्देश, मजबूत तर्क बनाएं।

शिमला से स्थानांतरित होंगे कई विभागों के मुख्यालय दैनिक जागरण की एक खबर है।

....